कोटद्वार, गुरूवार
22 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 116 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### ई–रिक्शा के नीचे दबने से किशोर की मौत

रुद्रपुर। अनियंत्रित ई–रिक्शा के नीचे दबने से एक किशोर की मौत हो गई। हादसा मंगलवार देर रात सितारगंज रोड पर हुआ। किशोर का साथी घायल हो गया। वहीं किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार, भूड़ महोलिया निवासी 17 वर्षीय मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद यामीन मंगलवार रात सितारगंज रोड से किसी काम से वापस लौट रहा था। वह अपने साथी गुलाम गौस के साथ सड़क किनारे चल रहा था। इस दौरान नानकसागर में बैटरी डाउन होने पर ई–रिक्शा चालक ने अपने साथी को फोन कर मौके पर बुलाया और स्कूटी के पीछे ई–रिक्शा बांधकर वापस खटीमा की ओर चल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात लगभग साढ़े दस बजे दो युवक एक स्कूटी के पीछे बंधे ई–रिक्शा से टकरा गए। ई–रिक्शा रिजवान के ऊपर से निकल गया। हादसे में रिजवान का साथी भी घायल हो गया। उन्हें आगे चल रहे एक साथी ने उप चिकित्सालय में भर्ती कराया। रिजवान की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी गुलाम गौस को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सकों ने रिजवान की मौत सिर में चोट लगने से बताई है। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### पहाड़ों में भारी बारिश से गंगा में उफान

ऋषिकेश। ऋषिकेश में गंगा बुधवार को उफान पर रहीं। दिनभर जलस्तर चेतावनी निशान से 40 सेंटीमीटर नीचे रहा। जलस्तर बढ़ने पर तटीय इलाकों में बसे लोगों को अलर्ट किया गया, जबकि पुलिस ने घाट पर नहाने जा रहे लोगों को रोका। शाम पांच बजे बाद जलस्तर में गिरावट शुरू होने पर राहत मिली। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक बुधवार सुबह 10 से शाम पांच बजे तक गंगा का जलस्तर 339.10 मीटर पर रहा, जबकि चेतावनी निशान 339.50 मीटर है। जलस्तर बढ़ने पर पुलिस ने त्रिवेणीघाट पर गंगा स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को खतरे से अवगत कराया। तटीय इलाकों पर बसे लोगों को भी जलस्तर की जानकारी देकर उन्हें गंगातटों पर नहीं जाने को कहा। जलस्तर बढ़ने से स्नानघाट जलमग्न रहे। कई घाटों पर जबरन स्नान करने के लिये जाने को लेकर पुलिस से नोकझोंक भी हुई। लेकिन पुलिस ने उन्हें स्नान नहीं करने दिया। शाम पांच बजे बाद जलस्तर घटने पर प्रशासन को राहत मिली। शाम पांच बजे जलस्तर घटकर चेतावनी निशान से एक मीटर नीचे तक पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग के अवर अभियंता विभांशु त्रिपाठी ने बताया कि गंगा का जलस्तर अभी तक चेतावनी निशान तक नहीं पहुंचा है। पानी की स्थिति को लेकर पल–पल की अपडेट प्रशासन और संबंधित महकमों को दी जा रही है।

### कर्णप्रयाग में बारिश से लोग हुए बेहाल

चमोली। मंगलवार रात दस बजे से कर्णप्रयाग में तेज बारिश शुरू होते ही लोग दहशत में आ गए। रात करीब दो बजे ऐंड गांव के पास से आने वाले गदेरे से जैसे ही सुभाषनगर के लोगों ने पानी और मलबे की आवाज सुनी तो घरों के बाहर निकल गए। गदेरे के आसपास सड़क किनारे खड़े अपने वाहनों को हटाने लगे। इस दौरान सुभाषनगर में कुंवर सिंह राणा का वाहन मलबे की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, अपर बाजार में पार्किंग में खड़ी एक कार पत्थर की चपेट में आ गई। सुभाषननगर में सुभाष चमोली के घर के पास भू–धंसाव हुआ। अपर बाजार में सुभाष गैरोला के मकान का पुश्ता टूट गया।

### दून स्कूल के सामने घर के ऊपर गिरा विशालकाय पेड़ , 6 घायल

देहरादून। दून स्कूल के पास माल रोड से सटे मकान पर बुधवार तड़के करीब तीन बजे एक विशालकाय पेड़ गिर गया। घटना के समय घर के भीतर सो रहे छह लोग इसकी चपेट में आ गए। जिन्हें इलाज के लिए दून अस्पताल ले जाया गया। परिवार के सदस्य दीपक ने बताया कि यदि रक्षा संपदा कार्यालय ने उनकी शिकायत का संज्ञान लिया होता तो इस घटना को टाला जा सकता था। उनके पिता व दून स्कूल के कर्मचारी भूपेंद्र चंद्र को गंभीर चोटें आई हैं। जबकि माता, तीन बहनें और एक बच्ची चोटिल हुए हैं। उन्हें पड़ोसियों ने घर से बाहर निकालने में मदद की। चिकित्सकों ने बताया कि दून अस्पताल में पौने चार बजे छह लोगों को लाया गया।

गैरसैंण विधानसभा मानसून सत्र शुरू

# पहले दिन दिवंगत विधायक शैलारानी रावत एवं पूर्व विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की



देहरादून। गैरसैंण ( भराड़ीसैंण) में विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन केदारनाथ की विधायक स्वर्गीय शैला रानी रावत और चंपावत के पूर्व विधायक स्वर्गीय कैलाश चंद्र गहतोड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में कहा कि स्व. शैलारानी रावत केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच में हमेशा उनके संघर्षों के साथ खड़ी रही। उनका चला जाना एक खालीपन दे गया है। उनका जाना एक अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. शैलारानी रावत एक प्रखर नेत्री थी जो हर किसी से बेहद आत्मीयता से मिलती थी। वे राज्य एवं क्षेत्र के मुद्दों को प्रभावशाली रूप में उठाती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व.शैलारानी रावत ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित किया और वे हमेशा अपने क्षेत्र के लोगों के लिए तत्पर रहती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे उनसे कई बार मिलने का अवसर प्राप्त हुआ और उन्होंने हमेशा एक छोटे भाई की भांति स्नेह प्रदान किया। उनके साथ मेरी कई स्मृतियां जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा के बाद जब वे विधायक नहीं भी थी तब भी वह स्थानीय लोगों को लेकर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए आती थी। उनके कार्य सदा हमें प्रेरणा देते रहेंगे। 7 जनवरी 1956 को टिहरी जनपद के ग्राम गडोलिया में पदम सिंह राणा के घर में जन्मी श्रीमती शैलारानी रावत ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाईं वर्ष 2012 में वे पहली बार केदारनाथ विधानसभा से निर्वाचित हुई। उसके बाद वर्ष 2022 में वे पुनः निर्वाचित हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत से विधायक रहे स्व.कैलाश चंद्र गहतोड़ी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि स्व. गहतोड़ी वन विकास निगम के अध्यक्ष थे। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भारी कष्ट है और एक अंदरूनी क्षति है। उनकी कमी सदा मेरे जीवन में खलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सदा मेरा मार्गदर्शन करने का कार्य किया। चंपावत क्षेत्र के विकास के लिए वे पूर्ण रूप से समर्पित रहे। अपने जीवन काल में उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं बल्कि निजी रूप से भी उन्होंने लोगों की मदद की।



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को विधानसभा गैरसैंण ( भराड़ीसैंण) में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## पार्किंग मामले में तीन हफ्ते में जवाब पेश करे सरकार : हाईकोर्ट



हल्द्वानी। हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा के राजा आनंद सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के भवन के पास जिला प्रशासन द्वारा पार्किंग बनाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने निर्माण कार्य की यथास्थिति बनाए रखने के साथ ही राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने निर्माणाधीन पार्किंग की वर्तमान फोटोग्राफ भी पेश करने के लिए कहा है। अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी। अल्मोड़ा निवासी चंद्रकला उप्रेती समेत अन्य ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। इसमें कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जीजीआईसी की बिल्डिंग के समीप पार्किंग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब इसकी जानकारी जिला प्रशासन से मांगी गई, तो कहा गया कि पार्किंग निर्माण नगर पालिका करा रही है। पालिका प्रशासन से जानकारी ली गई तो उन्होंने निर्माण कार्य जिला प्रशासन द्वारा कराए जाने की बात कह दी। जिला प्रशासन को जब पार्किंग निर्माण पर आपत्ति संबंधी प्रार्थना पत्र दिया तो प्रशासन ने उसे खारिज कर दिया। याचिका में कहा गया है कि जिस जमीन पर पार्किंग निर्माण किया जा रहा है, वह भूमि जीजीआईसी को दान में दी गई थी। पूर्व में शिक्षा विभाग ने भी इस निर्माण पर आपत्ति जताई थी।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, केस दर्ज

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया। युवती ने आरोपी की मां को बात बताई तो उसने अपने बेटे के साथ मिलकर गाली–गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मां तथा दोनों बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती ने कोर्ट में शिकायत कर बताया कि उसकी दोस्ती कड़च्छ ज्वालापुर निवासी यशस्वी से हुई थी। उसने उससे शादी का झांसा दिया। फिर कई बार शारीरिक संबंध बनाकर उसकी वीडियो बना ली। आरोप लगाया कि जब भी शादी के लिए कहती थी तो वह वीडिया वायरल करने की धमकी देने लगा। आरोप है कि 24 मई को यशस्वी के घर गई और शादी के लिए तो कहा तो उसकी माता, बड़े भाई अतुल ने गाली गलौज कर मारपीट कर घर से भगा दिया। कोतवाली प्रभारी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## रुद्रपुर में भीषण हादसा, गर्भवती समेत चार की मौत, तीन गंभीर

रुद्रपुर। नैनीताल हाईवे पर बुधवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में गर्भवती महिला की सास, ननद और ई–रिक्शा चालक भी शामिल है। हादसा उस समय हुआ, जब एक ई–रिक्शा में सवार महिलाएं गर्भवती महिला को जिला अस्पताल से लेकर लौट रही थीं। इसी दौरान बरेली नंबर की तेज रफ्तार कार ने पीछे से ई–रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, सत्यनारायण कॉलोनी भूरारानी निवासी 25 वर्षीय ज्योति साहनी पत्नी रविन्द्र साहनी गर्भवती थी। मंगलवार रात ज्योति के अचानक पेट में तेज दर्द हुआ। इस पर सास कांति साहनी, ननद ललिता साहनी, मामी उर्मिला और विभा ई–रिक्शा चालक मनोज साहनी को बुलाकर ज्योति को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां गायिनी विभाग में तैनात स्टाफ ने ज्योति की जांच की और प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजन उसे घर लेकर लौट रहे थे। बुधवार तड़के करीब तीन बजे अस्पताल से करीब 300 मीटर दूर नैनीताल हाईवे पर अटरिया रोड के पास बरेली नंबर की एक कार ने ई–रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। वहीं हादसे में गर्भवती ज्योति साहनी, 42 वर्षीय उर्मिला साहनी पत्नी लोहा साहनी, 30 वर्षीय विभा साहनी पत्नी प्रमोद साहनी निवासी सुभाष कॉलोनी और सत्यनारायण कॉलोनी भूरारानी निवासी ई–रिक्शा चालक 35 वर्षीय मनोज साहनी, 45 वर्षीय कांति देवी पत्नी दिनेश साहनी और 36 वर्षीय ललिता साहनी पत्नी सुबोध साहनी निवासी सुभाष कॉलोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने ई–रिक्शा चालक मनोज साहनी को मृत घोषित कर दिया। जबकि उर्मिला और विभा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं गर्भवती ज्योति को हायर सेंटर रेफर किया गया। हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान ज्योति ने भी दम तोड़ दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल ललिता साहनी और कांति साहनी का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। कार चालक का साथी बबलू कुमार निवासी बरेली भी गंभीर रूप से घायल है। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे के वक्त गर्भवती ज्योति का पति बाइक से पीछे आ रहा था। वह मजदूरी करता है। थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि बुधवार तड़के हादसा हुआ था। बरेली निवासी कार चालक को हिरासत में लिया गया है।



### हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश किए हैं। उन्होंने एडीएम प्रशासन पंकज उपाध्याय को जांच सौंपी है। डीएम ने बताया कि अस्पताल में गर्भवती को लाने और यहां से ले जाने और इसके बाद हादसे के कारणों की विस्तृत जांच होगी। वहीं सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने भी परिजनों के हादसे के बाद 108 एबुलेंस में कॉल रिसीव न होने के आरोपों के बीच मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

## राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा से रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती



नई दिल्ली , रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करेंगे। उनकी यह यात्रा भारत–अमेरिका रक्षा संबंध को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इस यात्रा से भारत व अमेरिका की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी। इससे पहले राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री के साथ एक अहम मुलाकात की थी।

बुधवार को अमेरिका यात्रा के विषय में आधिकारिक जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि राजनाथ सिंह 23 से 26 अगस्त तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। राजनाथ सिंह की यह यात्रा अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के निमंत्रण पर हो रही है। 23 अगस्त को अमेरिका पहुंचने के बाद वे यहां अपने अमेरिकी समकक्ष व अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। राजनाथ सिंह यहां राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सहायक जेक सुलिवन से भी वार्ता करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि राजनाथ सिंह अमेरिका में रक्षा उद्योगों पर भी चर्चा करेंगे। अमेरिका में मौजूदा और भविष्य के रक्षा सहयोग के बारे में रक्षा उद्योग के साथ एक उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक आयोजित की जानी है। इस गोलमेज बैठक की अध्यक्षता भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ही करेंगे। अमेरिका की अपनी इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत करेंगे।


रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की यह यात्रा भारत और अमेरिका के संबंधों, विभिन्न स्तरों पर रक्षा संबंधों में लगातार हो रही प्रगति की पृष्ठभूमि में हो रही है। भारत का मानना है की रक्षा मंत्री की यह अमेरिकी यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। इस यात्रा से भारत–अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी। साथ ही भारत और अमेरिका की साझेदारी और अधिक व्यापक होने की उम्मीद है।

## सीबीआई दफ्तर पहुंचे संदीप घोष, कोलकाता पुलिस ने भी किया है तलब

कोलकाता , कोलकाता के सरकारी आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के दफ्तर फिर पहुंचे। उन्हें कोलकाता पुलिस ने भी आज ही तलब किया है। कोलकाता पुलिस की ओर से मंगलवार शाम को जारी समन के अनुसार, संदीप घोष को दोपहर तक शहर के पुलिस मुख्यालय में पेश होना है। पुलिस ने उन्हें इस आरोप पर पूछताछ के लिए बुलाया है कि उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कई बार आरजी कर की महिला डॉक्टर की पहचान उजागर की। आपको बता दें कि इस महीने की शुरुआत में महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार किया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। अब यह देखना बाकी है कि घोष को सीबीआई कार्यालय से शहर पुलिस मुख्यालय जाने का मौका मिलता है या नहीं। सीबीआई अधिकारी पिछले कुछ दिनों से उनसे औसतन रोजाना 12 से 14 घंटे पूछताछ कर रहे हैं। संदीप घोष सुबह 9 बजे कुछ फाइलें लेकर कोलकाता के साल्ट लेक स्थित सीबीआई दफ्तर पहुंचे। वह पिछले कई दिनों से पूछताछ के लिए सीबीआई दफ्तर जा रहे हैं। बता दें कि एक सप्ताह पहले ही राज्य सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल के गठन की घोषणा की थी।

## उत्तराखंड में 25 अक्टूबर तक संपन्न करा लिए जाएंगे निकाय चुनाव

### उत्तराखंड सरकार ने हाई कोर्ट में दिया जवाब



नैनीताल। राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने को लेकर राज्य सरकार ने हाई कोर्ट को बताया कि 25 अक्टूबर तक चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति भी अगस्त अंत या सितंबर पहले सप्ताह तक कर ली जाएगी। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में जसपुर के मोहम्मद अनवर व अन्य की जनहित याचिका पर एक साथ सुनवाई हुई। इस दौरान महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से पूर्व में प्रार्थना पत्र दाखिल कर चुनाव के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया था।

**दस जुलाई को राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल पूरा हो गया**

शहरी विकास निदेशक व अपर सचिव नितिन भदौरिया ने कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जानकारी दी कि इस माह के अंत या सितंबर पहले सप्ताह में राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति कर दी जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि दस जुलाई को राज्य निर्वाचन आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट का कार्यकाल पूरा हो गया है।

कोर्ट ने मामले को सुनने के बाद अगली सुनवाई की तिथि छह सितंबर नियत कर दी। कोर्ट ने पूछा चुनाव के लिए क्या प्लान पेश किया हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा कि पूर्व के आदेश पर निकाय चुनाव कराने के लिए क्या प्लान पेश किया? पिछली सुनवाई में कोर्ट ने यह बताने को कहा था कि कब तक राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करेंगे और निकाय चुनाव कब तक संपन्न हो जाएंगे।

**सरकार 25 अक्टूबर से पहले निकाय चुनाव कराने को तैयार**

इस पर महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने बताया था कि राज्य में तय समय के भीतर निकाय चुनाव लोकसभा चुनाव की वजह से नहीं हो पाए। क्योंकि राज्य का प्रशासन लोकसभा चुनाव कराने में व्यस्त था। उसके बाद मानसूनी वर्षा शुरू हो गई और आधा प्रशासन आपदा प्रबंधन तैयारियों में व्यस्त रहा। ऐसी परिस्थिति में राज्य निकाय चुनाव कराने में सक्षम नहीं था। राज्य अभी भी आपदा की मार झेल रहा है।

## पहली बार अंतरिक्ष में टुकड़ों में जाएगा चंद्रयान-4

### पांच साल में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की तैयारी



नई दिल्ली , भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान–4 और 5 की डिजाइन तैयार है। हमें अब सरकार की तरफ से मंजूरी मिलने का इंतजार है। उन्होंने यह भी कहा कि अगले पांच साल में 70 सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना है। चंद्रयान–4 मिशन चंद्रमा की सतह से पत्थर और मिट्टी का सैंपल लेकर आएगा। उसकी चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग होगी। मिशन में स्पेस डॉकिंग होगा। इसका मतलब है कि चंद्रयान–4 को टुकड़ों में अंतरिम में भेजा जाएगा। इसके बाद उसे अंतरिक्ष में जोड़ा जाएगा। ऐसा पहली बार होने जा रहा है। डॉ. सोमनाथ ने इंडियन स्पेस एसोसिएशन के ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के एक ऋार्यक्रम से अलग मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चंद्रयान–3 के बाद हमारे पास चंद्रमा को लेकर कई मिशन है। इससे पहले इसरो अधिकारियों ने कहा था कि चंद्रयान–4 साल 2028 में लॉन्च किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसरो पांच साल में जो 70 सैटेलाइट छोड़ेगा उसमें निचली कक्षा में स्थापित होने वाले सैटेलाइट भी होंगे। इससे विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी विभागों की जरूरतें पूरी होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि चार सैटेलाइट रीजनल नेविगेशन सिस्टम के होंगे।

**एसएसएलवी में दस से ज्यादा कंपनियों ने दिखाई रुचि**

इसरो के प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने कहा कि 10 से अधिक कंपनियों और कंसोर्टिया ने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के निर्माण में रुचि दिखाई है, जिनमें से कुछ को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए संभावित बोलीदाताओं के रूप में चुना गया है। इसरो प्रमुख ने कहा कि चयनित उद्योग भागीदार पहले दो साल की अवधि में इसरो की सहायता से दो एसएसएलवी विकसित करेगा और फिर छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित करने के लिए रॉकेट बनाने का काम करेगा।

## कानपुर हाईवे पर भीषण सडक़ हादसे में 4 की मौत, दो घायल

इटावा ,कानपुर हाईवे पर बुधवार की सुबह भीषण सडक़ हादसा हुआ। इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। इटावा के इकदिल में हुए इस हादसे के पीछे कहा जा रहा है कि कार चालक को झपकी लग गई थी। जिसके चलते वह कार पर संतुलन संभाल नहीं सका।

बुधवार सुबह 6.30 बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने पर इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, दमकल विभाग को भी घटना की सूचना दी गई।

## आप सांसद संजय सिंह की मुश्किलें बढ़ीं

### 23 साल पुराने मामले में कोर्ट ने दिया गिरफ्तारी का आदेश

सुलतानपुर , उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले की एक अदालत ने 23 वर्ष पूर्व एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रवक्ता अनूप संडा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया है। इस मामले में जमानतीय वारंट को कोर्ट ने जारी रखा है। 28 अगस्त को कोर्ट अब मामले की सुनवाई करेगा। न्यायिक विभाग के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि करीब 23 वर्ष पूर्व 19 जून 2001 को बिजली–पानी समेत अन्य समस्याओं के विरोध में इन नेताओं ने सडक़ पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया था, जिस पर कोतवाली नगर में तैनात उपनिरीक्षक अशोक सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आप सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप संडा, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव, वर्तमान नामित सभासद विजय, पूर्व प्रवक्ता कांग्रेस संतोष कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा सुभाष चौधरी व प्रेम प्रकाश के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। इस दौरान विचारण प्रेम प्रकाश की मौत हो चुकी है। तत्कालीन विशेष मजिस्ट्रेट एमपी–एमएलए योगेश यादव की कोर्ट ने छह आरोपियों को बीते जनवरी 2023 में भादवि की धारा–143 व 341 में दोषी ठहराते हुए तीन–तीन माह के कारावास व 1500–1500 अर्थदण्ड की सजा सुनाया था।

## संपादकीय

# सभ्य समाज के पिशाच

पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बवाल मचा हुआ है आंदोलन हो रहे हैं तो कहीं धरने प्रदर्शन चल रहे हैं लेकिन कुछ लोग हैं कि सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इतना सब कुछ होने के बाद भी कई ऐसी घटनाएं सामने आ रही है जो सीधे तौर पर कानून व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। उत्तराखंड से एक बड़ा मामला रोडवेज कर्मियों से जुड़कर सामने आ चुका है जिसमें एक नाबालिक लड़की के साथ गलत कार्य किया गया। पूरा मामला देश भर में सुर्खियों में रहा लेकिन देहरादून में ही कुछ ऐसी मानसिक विकृति के लोग हैं जिन्हें इस सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता। ताजा मामला अब रेलवे से जुड़ा हुआ सामने आया है जिसमें देहरादून से काठगोदाम सफर कर रही एक महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता की गई और ट्रेन में ही सवार एक सवारी ने उनकी मर्जी के बिना उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गया। यह लड़की और उसके माता–पिता ने सब कुछ सहने की बजाय विरोध करने का फैसला लिया और पुलिस को इस मामले की सूचना दी जिसके बाद मुकदमा भी दर्ज हुआ। यहां महिला आयोग की भी सराहना करनी होगी जिसने ऐसी प्रवृत्ति के लोगों को यूं ही नहीं जान देने का फैसला लिया और इस संबंध में पुलिस को भी आड़े हाथों लेते हुए उक्त व्यक्ति के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।निजता के अधिकार एवम कानून के अनुसार बिना अनुमति किसी की भी फोटो वीडियो बनाना अपराध है और चोरी छिपे महिला की फोटो वीडियो बनाने वाले युवक को मिले सजा मिलनी चाहिए, साथ ही इस बात की गम्भीरता से जांच की जानी चाहिए कि वीडियो बनाने वाले युवक का इस के पीछे क्या मसकद क्या उद्देश्य था। इस प्रकार का कृत्य बहुत ही निन्दनीय है ऐसे आरोपियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए कि अन्य कोई भी इस प्रकार के अपराध को करने से पहले सौ बार सोचे। जहाँ आज सरकार महिला सुरक्षा को लेकर कड़े कानून बना रही है और समाज ऐसे लोगों की हरकतों से जूझ रहा है, वही ऐसे लोगों की संख्या भी दिन–ब–दिन बढ़ती हुई ही नजर आ रही है। हर आम व्यक्ति की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह यदि अपने आसपास किसी भी महिला या जरूरतमंद के साथ गलत होते हुए देखा है तो उसे कानूनी कार्रवाई कराने के लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए। किसी भी प्रकार की घटनाओं में महिलाओं की सुरक्षा व न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़ा है, और अपनी इस जिम्मेदारी व कर्तव्य का हर सभ्य नागरिक को निर्वाह करना चाहिए, तभी हम एक सुरक्षित समाज की स्थापना कर पाएंगे जिसमें हमारी अपनी खुद की बेटियां व बहने भी सुरक्षित माहौल में रह सकेंगी।

# राजनीतिक मसला नहीं है दुष्कर्म

**प्रो शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित**

बलात्कार राजनीति और विचार धारा से परे है। यह केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि समाज के ताने–बाने पर भी है, जो मर्यादा, कर्तृत्व और मानवता का हनन है। इक्कीसवीं सदी में ऐसी बर्बरता के लिए स्थान नहीं होना चाहिए था, पर कोलकाता की भयावह घटना उस असफलता को रेखांकित करती है, जो संस्थागत है और चुनिंदा रोष में पैबस्त है। भारत एक सभ्यता– एक स्त्रीवादी सभ्यता– है, जहां स्त्रैण को सम्मानित किया जाता है। यह सदी ऐसा युग होना चाहिए, जहां बर्बरता की निंदा स्पष्ट होनी चाहिए, न्याय शीघ्र होना चाहिए और मानव मर्यादा की पवित्रता सर्वोच्च होनी चाहिए।

फिर भी, कोलकाता मामले में वही राजनीतिकरण और चुनिंदा रोष का चिंताजनक रुझान दिखता है, जो निराशाजनक है। इस मुद्दे पर भारत–विरोधी तत्वों की चुप्पी शर्मनाक है। देश के भीतर और बाहर ऐसे समूहों ने सामाजिक मसलों पर अपनी चिंता जताने और अन्याय के विरुद्ध बोलने के कथित नैतिक दावे पर अपनी वैधता बनायी है। न्याय व्यक्तियों और व्यक्तिगत विचारों से ऊपर है। कोई सरकार हो, बलात्कार आपराधिक है। इसका राजनीतिकरण या इसे भटकाना भी समान रूप से आपराधिक है।

नेतृत्व में स्त्रियों के उभार का स्वागत बीसवीं सदी के सबसे अहम राजनीतिक विकासों में एक के तौर पर किया गया था। अब इस सदी में उस नेतृत्व से आशाएं बहुत बढ़ गयी हैं, पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनमें प्रमुख है। कोलकाता की घटना इस कटु सत्य को इंगित करती है कि मात्र स्त्री नेतृत्व होने से महिलाओं को बेहतर या सुरक्षित माहौल नहीं मिल जाता। इस प्रकरण में जो हुआ है है, वह बेहद चिंताजनक है। पीड़िता की पहचान को प्रशासन द्वारा सार्वजनिक क्यों किया गया? भारतीय न्याय संहिता की धारा 72 में स्पष्ट प्रावधान है कि मर्यादा एवं निजता की रक्षा के लिए बलात्कार पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखी जानी चाहिए।

फिर भी, लापरवाही दिखाते हुए आरजी कार मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य संदीप घोष ने पहचान उजागर किया। विरोध और उनके इस्तीफे के तुरंत बाद ही उन्हें कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का प्राचार्य बना दिया गया। संदीप घोष का बयान भी दर्ज नहीं किया गया। यह कानूनी और नैतिक नियमों का खुला उल्लंघन है। यह पीड़िता एवं उसके परिवार का ही अपमान नहीं है, बल्कि सरकार एवं न्याय व्यवस्था पर भी सवाल है। इससे पश्चिम बंगाल के सत्ताधारियों की जवाबदेही को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हैं। पहचान उजागर करना लापरवाही होने के साथ न्याय एवं मानवता के सिद्धांतों का अपमान भी है।

भारत में महिला सुरक्षा वर्षों से सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहा है। फिर भी चुनिंदा पाखंड से इस मुद्दे को नुकसान होता रहा है। यह नारी अधिकार का मसला ही नहीं रहा है, बल्कि राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन गया है, जहां निंदा कभी कभी ही की जाती है। कुछ माह पहले संदेशखाली में ऐसा ही मामला सामने आया था। दिल्ली का निर्भया मामला हो या हैदराबाद में 2019 में एक चिकित्सक की हत्या का मामला हो, पाखंड स्पष्ट दिख जाता है। तृणमूल कांग्रेस देश–विदेश के स्तर पर लगभग हर मामले में मुखर विरोध के लिए जानी जाती है। उदाहरण के लिए, पिछले साल नवंबर में पश्चिम बंगाल सरकार के एक मंत्री जावेद खान ने इस्राइल–फिलिस्तीन संघर्ष को लेकर इस्राइली और अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान किया था।



लेकिन जब अपने ही राज्य के मसले सामने आते हैं, तब उनके लिए मसलों को देखने का पैमाना बदल जाता है। यह बड़े अफसोस की बात है कि पीड़िता की पहचान और अपराध की जगह को लेकर ही सारी चर्चा हो रही है। इसी तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर दोहरा मानदंड अपनाया जा रहा है। इसी तरह, कश्मीर में भारतीय सेना को बलात्कारी कहा जाता है, पर हिंदू महिलाओं के बलात्कार और हत्या पर चुप्पी साध ली जाती है। मानवाधिकार को लेकर सक्रिय कथित अंतरराष्ट्रीय संगठनों का रवैया भी ऐसा ही रहा है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले अत्याचारों पर कोई रिपोर्ट जारी नहीं की है, जबकि भारत में रोहिंग्या को प्राथमिकता दी जाती है। उनका महिला अधिकारों से लेना–देना नहीं है, यह सब राजनीतिक और विचारधारात्मक एजेंडे के आधार पर होता है, जिसमें न्याय, समानता, यहां तक कि सामान्य समझ को भी नकार दिया जाता है।

क्या ममता बनर्जी सरकार से जिम्मेदारी लेने और सही काम करने के लिए कहना गलत है? दोषी को बचाने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र का गलत इस्तेमाल ऐसी परिपाटी है, जिसे किसी भी सरकार को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। दोषी को बचाने और पीड़िता को दोष देने की इस संस्थागत परिपाटी की काली छाया समाज पर है। इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। सरकार से स्त्रियों के प्रति सक्रिय और संवेदनशील होने की मांग अतार्किक नहीं है, बल्कि यह मूलभूत अपेक्षा है, जिसे पूरा किया जाना चाहिए। यह वह क्षण है, जब हर पार्टी और नेता को अपने पूरे संसाधनों के साथ एक होकर ऐसे घिनौने अपराधों का प्रतिकार करना चाहिए।

तृणमूल सरकार अक्सर लोकतंत्र एवं न्याय जैसे राजनीतिक आदर्शों के प्रति अपने संकल्प को अभिव्यक्त करती है। अब उसे उन आदर्शों को वास्तव में पूरा करना चाहिए। उनके कुछ बड़े मुखर सांसद आश्चर्यजनक रूप से अब चुप हैं। क्या यह घटना इंगित करती है कि पश्चिम बंगाल में स्थिति बहुत खराब हो चुकी है, वहां कोई विधि–व्यवस्था नहीं है? देशभर में लोग क्षुब्ध हैं। घटना पर शीघ्र कार्रवाई करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति पूरी तरह से अनुपस्थित है। ऐसा लगता है कि बलात्कारियों को बचाने का प्रयास हो रहा है। पुलिस ने यह जानते हुए भी कि यह एक सामूहिक बलात्कार है, तो दूसरों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया?

बलात्कार को हिंसा के एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने का प्रतिकार करने के लिए व्यापक एकता आवश्यक है। त्वरित सुनवाई कर ऐसे अपराध के लिए मृत्युदंड देने से एक स्पष्ट संदेश जायेगा कि ऐसे अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और कोई भी अपराधी बच नहीं सकता है। ऐसा करना जरूरी है। अब राजनीतिक विभाजनों से ऊपर उठकर नैतिक चेतना को जगाने का समय है। बलात्कार राजनीतिक नहीं है। यह उन लोगों के लिए शर्मनाक है, जो ऐसे घिनौने अपराध होने देते हैं और इस पर परदा डालने की कोशिश करते हैं।

**कोलकाता मामले में वही राजनीतिकरण और चुनिंदा रोष का चिंताजनक रुझान दिखता है, जो निराशाजनक है। इस मुद्दे पर भारत–विरोधी तत्वों की चुप्पी शर्मनाक है। देश के भीतर और बाहर ऐसे समूहों ने सामाजिक मसलों पर अपनी चिंता जताने और अन्याय के विरुद्ध बोलने के कथित नैतिक दावे पर अपनी वैधता बनायी है। न्याय व्यक्तियों और व्यक्तिगत विचारों से ऊपर है। कोई सरकार हो, बलात्कार आपराधिक है। इसका राजनीतिकरण या इसे भटकाना भी समान रूप से आपराधिक है। नेतृत्व में स्त्रियों के उभार का स्वागत बीसवीं सदी के सबसे अहम राजनीतिक विकासों में एक के तौर पर किया गया था। अब इस सदी में उस नेतृत्व से आशाएं बहुत बढ़ गयी हैं, पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनमें प्रमुख है। कोलकाता की घटना इस कटु सत्य को इंगित करती है कि मात्र स्त्री नेतृत्व होने से महिलाओं को बेहतर या सुरक्षित माहौल नहीं मिल जाता।**

# जरूरी है सर्वाधिक वंचितों का विकास

**प्रो बद्री**

तंत्र भारत में बीते साढ़े सात दशकों में वंचित समुदायों की सामाजिक गतिशीलता में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। उनमें राजनीतिक जागरूकता भी बढ़ी है तथा लोकतांत्रिक और सामाजिक क्षमता का वितरण हुआ है। लेकिन यह वितरण समुचित और अपेक्षित नहीं है। हाल में सर्वोच्च न्यायालय की एक संविधान पीठ ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में उप–वर्गीकरण की बात कही है। इस पर बहस चल रही है। इस व्यवस्था में उन्हीं लोगों को अधिक लाभ होगा, जिनमें प्रतिस्पर्धा की क्षमता तुलनात्मक रूप से अधिक होगी। उन्हीं लोगों में आकांक्षा और आकांक्षा को पूरा करने की क्षमता भी अधिक होगी। इसे प्रतिनिधित्व की राजनीति कहा जाता है।अभी तक वंचित समुदायों में उन जातियों और जनजातियों को अधिक लाभ पहुंचा है, जिनकी संख्या अधिक है, जिनमें बुद्धिजीवी अधिक हैं। इसके ऐतिहासिक कारण हैं। स्वतंत्रता की लड़ाई में भी ऐसी जातियों का योगदान रहा है। यह स्थिति अन्य पिछड़ा वर्ग में भी है। उसी समय से अनेक जातियों में नेताओं के उभरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। स्वतंत्रता के बाद जैसे जैसे नयी व्यवस्थाएं आयीं, लोकतांत्रिक प्रक्रिया आगे बढ़ी, उन्होंने उसका अधिक लाभ उठाया क्योंकि उनमें शक्ति थी।दूसरी तरफ कई समुदायों में आकांक्षा की क्षमता अपेक्षित गति से नहीं पनप सकी या नहीं पनपी। इस वजह से वे समुदाय पीछे रह गये हैं। उन्हें आगे कैसे लाया जाए और आरक्षण जैसी व्यवस्थाओं का लाभ उन तक कैसे पहुंचाया जाए, यह आज एक बड़ी चुनौती है। इसके समाधान का एक रास्ता तो यह है कि सर्वोच्च न्यायालय के सुझाव पर सहमति बने या उस पर गंभीरता से विचार किया जाए। लेकिन राजनीतिक वर्ग के अपने समीकरण होते हैं। वे वोट बैंक के हिसाब से चलते हैं। अगर नैतिक राजनीतिक वर्ग होगा, तो वह वंचितों में सबसे वंचित के बारे में भी सोचेगा। जैसे गांधी जी भी अंतिम व्यक्ति की बात करते थे। सामाजिक पंक्ति में एक के बाद एक व्यक्ति खड़ा है, उसके बाद भी कोई है। तो, नैतिक मानसिकता तो यही होनी चाहिए कि सबसे वंचित का भी ध्यान रखा जाए। निश्चित रूप से बीते साढ़े सात दशकों में सामाजिक गतिशीलता बढ़ी और लोकतांत्रिक पैठ गहरे तक हुई है, पर इसमें निरंतरता होनी चाहिए और यह प्रवाह नीचे से नीचे तक जाना चाहिए। यह केवल आरक्षण या राजनीतिक प्रतिनिधित्व से नहीं होगा। इसके लिए उन समुदायों का आर्थिक सशक्तीकरण भी आवश्यक है।समय–समय पर जो कल्याण कार्यक्रम या नीतिगत पहलें होती रहती हैं, जैसे अन्न योजना, पोषण योजना, वित्त उपलब्धता आदि, उनसे भी वंचितों की गतिशीलता को बड़ी मदद मिलती है। अगर कोई वंचित कुछ सक्षम होगा, तभी वह आरक्षण का फायदा उठा सकेगा। धीरे–धीरे उसके भोजन की समस्या दूर होती है, कुछ बचत कर पाता है, फिर अपने बच्चे को स्कूल भेजता है, जो रोजगार के लिए फिर स्पर्धा कर पाता है। आगे के विकास के लिए यह आवश्यक है कि ऐसे राजनीतिक वर्गों का उभार हो, जो अपने से अधिक दूसरों के बारे में सोचे। लेकिन हमने देखा कि सर्वोच्च न्यायालय के सुझाव पर किस तरह की प्रतिक्रियाएं राजनीतिक क्षेत्र से आयीं। आरक्षित वर्गों में जो वर्चस्वशाली जातियों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उन्होंने तुरंत उप–वर्गीकरण के सुझाव को खारिज कर दिया। जो वर्ग बहुत अधिक वंचना से ग्रस्त हैं, उनके पास ऐसा नेतृत्व नहीं है और न ही बड़ी संख्या है कि वे अपनी आवाज प्रभावी ढंग से उठा सकें। आप टीवी की बहसें देख लें, अखबारों की टिप्पणियां देख लें, उनकी ओर से बोलने वाला ही कोई नहीं है।सामाजिक गतिशीलता की दृष्टि से देखें, तो दक्षिण भारत और उत्तर भारत की स्थिति में कुछ अंतर दिखाई देता है। इसी तरह महानगरों और गांवों–कस्बों का फर्क भी है। दक्षिण भारत में बहुत सी वंचित जातियां आगे बढ़ने की आकांक्षा रखने लगी हैं। उनमें राजनीतिक जागरूकता भी बढ़ी है। इसलिए वे अपने हितों और अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगी हैं। जैसा मैंने पहले कहा, उत्तर भारत में कई समुदाय हैं, जिनके पास राजनीतिक नेतृत्व और बौद्धिक लोग नहीं हैं। इसलिए हमें उनकी आवाज सुनाई नहीं देती है। रही बात गांव और शहर की, तो जो लोग शहरों का रुख कर लेते हैं, उन्हें पढ़ाई–लिखाई से लेकर कमाई के अधिक अवसर मिलने लगते हैं, जो गांवों या कस्बों में उपलब्ध नहीं होते। इससे उनका सशक्तीकरण तुलनात्मक रूप से अधिक होता है।

## चुनौतियों से टकराने से डरता नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से 11वीं बार देश को संबोधित किया। पीएम मोदी के भाषण में कहा गया कि भारत बाधाओं, रुकावटों और चुनौतियों को परास्त करते हुए नये संकल्प के साथ चलने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरे देश का समर्थन मिलना चाहिए। लेकिन आज विपक्ष सरकार की नीतियों और कार्यों को लेकर जिस तरह आक्रामक है, उससे यह लक्ष्य काफी दूर नजर आ रहा है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने की राह में भ्रष्टाचार दूसरी सबसे बड़ी बाधा है।

प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने दुख प्रकट करते हुए कहा कि देश में कुछ ऐसे लोग हैं, जो भ्रष्टाचार का महिमामंडन कर रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री एक ओर भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई जारी रखने की बात कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर उनकी पार्टी में ऐसे राजनीतिक नेता शामिल किए जाते रहे हैं, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। जाहिर है कि ऐसे कृत्यों से जनता में संदेश जाता है कि सरकार कहती कुछ है, और करती कुछ और है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कुछ ऐसे राजनीतिक एजेंडे भी सेट किए जिन पर आने वाले दिनों में सियासत गर्म होगी। उन्होंने कहा कि इस समय देश में जो सिविल कोड है, वह वास्तव में कम्युनल है, भेदभाव करने वाला है। हमें सेक्युलर सिविल कोड की ओर जाना होगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड भाजपा का पुराना मुद्दा है। काफी संवेदनशील है और एनडीए के सहयोगी दल जदयू और तेलुगू देशम सिविल कोड को लेकर असहज हो सकते हैं। अन्य विपक्षी दलों में इसे लेकर मतैक्य बनाना आसान नहीं होगा। आने वाले दिनों में ही स्पष्ट होगा कि इस पर सरकार और विपक्ष के बीच सहमति बन पाती है या नहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने नाम लिए बिना कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की चर्चा की। कहा कि समाज के तौर पर हमें महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने नई शिक्षा नीति के संबंध में ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करने की बात कही जिससे देश के नौजवानों को विदेश न जाना पड़े। प्रधानमंत्री ने डिफेंस सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश की सेना सर्जिकल स्ट्राइक करती है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।

# विक्की कौशल की छावा का टीजर हुआ रिलीज, छत्रपति संभाजी महाराज के किरदार में दिखे

विक्की कौशल की बहादुर छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका वाली फिल्म छावा का टीजर रिलीज हो गया है. टीजर में विक्की कौशल का योद्धा अवतार ने फैंस को दीवाना कर दिया है. यह टीजर स्त्री 2 से पहले दिखाया गया था और इसने फैंस को पहले ही उत्साहित कर दिया है. विक्की को महान छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्जेय पुत्र के रूप में एक शक्तिशाली परिचय देता है.



छावा के मेकर्स ने फिल्म का धांसू टीजर रिलीज किया है. विक्की कौशल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और कैप्शन में फिल्म के बारे में अपडेट देते हुए लिखा है, स्वराज्य के रक्षक. धर्म के रक्षक. छावा – एक साहसी योद्धा की महाकाव्य गाथा.टीजर आउट. योद्धा 6 दिसंबर 2024 को दहाड़ेगा.

टीजर की शुरुआत एक रणभूमि से होती है. बैक ग्राउंड में एक दमदार डायलॉग के साथ छावा का परिचय देते हुए सुना जा सकता है. इसके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल की एंट्री होती है, जो दुश्मनों से युद्ध करते हुए नजर आते हैं. शेर की दहाड़ के साथ छत्रपति संभाजी महाराज दुश्मनों को संहार करते है. विक्की कौशल के ये अवतार ने फिल्म को लेकर और उत्सुकता बढ़ा दी है.

छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा है. छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन के इर्द–गिर्द घूमती है. फिल्म में विक्की कौशल मराठा साम्राज्य के संस्थापक के सबसे बड़े बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाने वाले हैं. दूसरी ओर, रश्मिका मंदाना फिल्म में येसुबाई भोंसले की भूमिका निभा रही हैं. फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं.

## जॉन अब्राहम की वेदा ने चौथे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये, जानिए कुल कारोबार

जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की फिल्म वेदा को स्वतंत्रता दिवस के खास मौके पर यानी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।वीकेंड पर भी फिल्म की दैनिक कमाई में खास सुधार देखने को नहीं मिला है।अब वेदा की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो बहुत निराशाजनक हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, वेदा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन 2.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.25 करोड़ रुपये हो गया है।वेदा ने बॉक्स ऑफिस पर 6.3 करोड़ रुपये के साथ धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह 1.8 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

# बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में की कमाई में मामूली बढ़त

अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, एमी विर्क, वाणी कपूर और फरदीन खान जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म खेल खेल में से निर्माताओं के साथ–साथ खिलाड़ी कुमार के प्रशंसकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।अब वीकेंड पर फिल्म की दैनिक कमाई में मामूली इजाफा देखने को मिला है।आइए जानते हैं चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर खेल खेल में का क्या हाल रहा।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, खेल खेल में ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को 3.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.95 करोड़ रुपये हो गया है।खेल खेल में ने 5.05 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी। दूसरे दिन यह फिल्म 2.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया।तीसरे दिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 3.1 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।



खेल खेल में के निर्देशन की कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। भूषण कुमार इस फिल्म के निर्माता हैं।आदित्य सील और प्रज्ञा जयसवाल जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद खेल खेल में नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर सितंबर के मध्य तक हो सकता है।फिलहाल निर्माताओं की ओर से इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

# पेरू में 2024 विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल रवाना

नई दिल्ली, एशियाई अंडर 20 के कई पदक विजेताओं के 43 सदस्यीय राष्ट्रीय दल में शामिल होने से भारत को उम्मीद है कि वह कोलंबिया के कैली में 2022 विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप में जीते गए दो रजत और एक कांस्य पदकों में सुधार करेगा।

भारतीय दल बुधवार सुबह विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स के 2024 संस्करण में भाग लेने के लिए पेरू के लीमा के लिए रवाना हुआ।

भारतीय एथलेटिक्स दल बुधवार को दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुआ। भारतीय दल को इस साल अप्रैल में दुबई, यूएई में आयोजित एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सात स्वर्ण, 11 रजत और 11 कांस्य पदक जीतने से मिले उत्साह का लाभ उठाने की उम्मीद है।



मुख्य जूनियर एथलेटिक्स कोच एन. रमेश के अनुसार, विश्व अंडर–20 एथलेटिक्स 2024 की मजबूत तैयारियों के बाद दल अपना दमखम दिखाने के लिए उत्साहित है। पंजाब के पटियाला में राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में थ्रोइंग स्पर्धाओं के लिए तैयारी शिविर आयोजित किया गया, जबकि अन्य स्पर्धाओं के लिए बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) परिसर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने मुख्य जूनियर एथलेटिक्स कोच के हवाले से कहा, पटियाला में एनआईएस परिसर में थ्रोइंग स्पर्धाओं के लिए अच्छी सुविधाएं हैं।

मुख्य जूनियर एथलेटिक्स कोच ने कहा कि व्यक्तिगत स्पर्धाओं के अलावा, राष्ट्रीय टीम 4&400 मीटर रिले और 4&400 मीटर मिश्रित रिले स्पर्धाओं में भी भाग लेगी।

## बाबर की खोई हुई फॉर्म हासिल करने पर रहेगी पाकिस्तान की नजर

रावलपिंडी, अगले पांच महीनों में नौ टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार पाकिस्तान के रेड–बॉल क्रिकेट में व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत गीली आउटफील्ड के साथ हुई। रात भर हुई बारिश के कारण बुधवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की शुरुआत में देरी हो रही है। पाकिस्तान को उम्मीद है कि आगामी रेड–बॉल मैचों के आधार पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टीम दो टेस्ट मैचों की सीरीज की चुनौती के लिए तैयार है। लेकिन रावलपिंडी स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की शुरुआत गीली आउटफील्ड के चलते देरी हुई। इसके चलते टॉस भी लेट हो गया है।पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद को उम्मीद है कि इस सीरीज से उन्हें सीजन के आगे के मुकाबलों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। वह एक ऐसी मजबूत टीम बनाना चाहते हैं जो फाइनल तक जा सके, साथ ही वह युवा बल्लेबाजों को मौका देने की योजना बना रहे हैं।

# आईसीसी रैंकिंग में स्मृति मंधाना का दबदबा, काफी पीछे रह गईं कप्तान हरमनप्रीत

नईदिल्ली,भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने हाल में तीनों ही फॉर्मेट में दमदार प्रदर्शन किया है जिसका असर उनकी आईसीसी रैंकिंग में दिख रहा है. हाल ही में आईसीसी के द्वारा वनडे की टॉप बल्लेबाजों की सूची जारी की है जिसमें मंधाना शीर्ष बल्लेबाजों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं जबकि श्रीलंकाई कप्तान चमारी अट्टापट्टू को नुकसान उठाना पड़ा है. अट्टापट्टू आयरलैंड के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज में नहीं खेली थी इसी वजह से उन्हें एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा है.आईसीसी द्वारा जारी की गई हालिया रैंकिंग में स्मृति मंधाना 738 नंबर के साथ तीसरे रैंकिंग पर हैं. उन्हें 1 स्थान का फायदा हुआ है. टॉप 10 में मंधाना शीर्ष रैंक की भारतीय बल्लेबाज हैं. उनके अलावा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ही एक ऐसी बल्लेबाज हैं जो शीर्ष 10 में शामिल हैं. हरमनप्रीत कौर 9 वें स्थान पर काबिज हैं. पहले स्थान पर इंग्लैंड की नेट सेवियर ब्रंट और दूसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ट हैं. चमारी अट्टापट्टू चौथे स्थान पर हैं. बता दें कि एशिया कप के फाइनल में भारत को हराने में श्रीलंकाई कप्तान की बड़ी भूमिका रही थी.आईसीसी विमेन टी 20 विश्व कप 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक बांग्लादेश में आयोजित होने वाला था लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से आईसीसी इवेंट को यूएई में शिफ्ट कर दिया है. हालांकि आयोजन अधिकार अभी भी बांग्लादेश के पास ही है. भारतीय टीम के लिहाज से इस विश्व कप में मंधाना का किरदार काफी अहम रहने वाला है. मौजूदा टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी बल्लेबाज हैं लेकिन ओपनिंग करते हुए अगर मंधाना बेहतर शुरुआत देती हैं टीम के लिए वो काफी अहम और निर्णायक साबित होगा.

# आरक्षण के वर्गीकरण के विरोध में किया प्रदर्शन

## शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से निकाली गई आक्रोश रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आरक्षण के वर्गीकरण के आदेश के विरोध में बुधवार को शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से आक्रोश रैली निकाली गई। सदस्यों ने आरक्षण के वर्गीकरण को असंवैधानिक बताते हुए निर्णय को संसद के माध्यम से वापस लेने की मांग उठाई। कहा कि इस तरह के निर्णयों से आरक्षण को खत्म करने की साजिश रची जा रही है।

बुधवार को भारत बंद का समर्थन करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य के नेतृत्व में सदस्यों ने बुद्धापार्क से आक्रोश रैली निकाली। रैली के उपरांत तहसील में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण करने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय असंवैधानिक है।



कोटद्वार में आक्रोश रैली निकालते सदस्य

इस निर्णय से अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों में भी टकराव की स्थित पैदा होगी। आरक्षण में वर्गीकरण लागू होने से इन जातियों की एकता भी प्रभावित होगी।

कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लगता है कि अनूसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की कुछ जातियां आरक्षण का लाभ नहीं ले पा रही हैं तो सुप्रीम कोर्ट को केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगानी चाहिए। सरकारों को शिक्षा, रोजगार व आवास की समुचित व्यवस्था के लिए योजना बनानी चाहिए, ताकि कमजोर व वंचित तबका मुख्य धारा से जुड़ सके। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उमेश चंद्र पांथरी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर केंद्र सरकार से संसद के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के आदेश को रद्द करवाने की मांग की है। इस मौके पर शूरबीर खेतवाल, मनवर लाल भारती, राजेंद्र नेगी, केसीराम निराला, नरेश कुमार सिंह, जयदेव, मीना बछुवाण, विनीता भारती, भरत लाल, राम अवतार मौजूद रहे।

## नशे में धुत युवकों ने महिला से की छेड़छाड़

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** मंगलवार देर शाम को मॉल से अपने बेटे के साथ मूवी देख कर वापस आ रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ के मामले में कोटद्वार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय एक महिला अपने बेटे के साथ तड़ियाल चौक स्थित मॉल में मूवी देखने गयी थी। मूवी खत्म होने के बाद जब महिला और उनका बेटा मॉल की लिफ्ट से नीचे जाने लगे तभी कुछ युवक लिफ्ट में घुस कर महिला से अभद्रता करने लगे। महिला के बेटे ने इसका विरोध किया गया तो उसके साथ गाली-गलौज की गई। आरोप है कि युवकों ने मॉल से बाहर भी मां और बेटे का पीछा किया। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि किसी तरह जान बचाकर कोतवाली तक पहुंची है। महिला का आरोप है कि युवक नशे में धुत्त थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे, जिससे वह बुरी तरह डरी हुई है।

# वरिष्ठ नागरिकों को दी उनके अधिकारों की जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की ओर से सतपुली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही बुजुर्गों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। सतपुली स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के सचिव सीनियर जज अकरम अली ने कानूनी अधिकारों व सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर है। जिनका सम्मान करना हमारा नैतिक, विधिक एवं सामाजिक दायित्व है। अधिवक्ता विनोद कुमार ने सीनियर सिटीजन व आमजन के कानूनी अधिकारों, मूलभूत कर्तव्यों व स्थाई लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। सतपुली तहसील के उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल ने कहा कि आम नागरिकों के साथ विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि सीनियर सिटीजन का सम्मान करने के साथ ही उन्हें कानूनी सहायता के बारे में भी अवगत कराया जाय। उन्होंने सीनियर सिटीजन की देखभाल के लिए रखे गए बाहरी लोगों का सत्यापन कराने की बात कही। इस अवसर पर पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, विनोद सिंह, थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी, शेखर सिंह नेगी, बालेश्वरी देवी, उम्मेद सिंह रावत, आनंदमणि बलूनी, चंद्र मोहन डोबरियाल, बसंती रावत, विमला देवी, रामवती वर्मा, धनेश्वरी रावत, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद रहे।

## राप्रावि मटकोट व आंगनबाड़ी में जोड़ा जाएं पानी का कनेक्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विकासखंड बीरोंखाल पंचायत गढकोट बार्ड मेंबर मनोरमा नौगाई ने राजकीय प्राथमिक विकास गटकोट व आंगनबाड़ी केंद्र में पानी का कनेक्शन लगाने की मांग की है। समस्या के संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। बताया कि विकासखंड बीरोंखाल के ग्राम पंचायत मटकोट में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल के प्रथम व द्वितीय चरण में कार्य हो रहा है। लेकिन, इस योजना से विद्यालय व आंगनबाड़ी को नहीं जोड़ा गया है। यही नहीं ग्राम पंचायत गटकोट में जल जीवन मिशन समिति का गठन भी बंद कमरे में किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायत गढकोट में जल जीवन मशिन समिति को भंग करने की मांग उठाई।

# कैसे पढ़ेगा पहाड़: अंग्रेजी की शिक्षक तीन साल से अनुपस्थित



आक्रोश जताने विद्यालय में पहुंचे अभिभावक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बीरोंखाल के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिवाई में अंग्रेजी विषय की शिक्षिका पिछले तीन साल से अनुपस्थित चल रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अधिकारियों से अंग्रेजी विषय के दूसरे शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की है। कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अभिभावक संघ की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया। बैठक में अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि अंग्रेजी विषय की अध्यापिका लगातार तीन साल से अनुपस्थित हैं। जिससे छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पढ़ाई को सुचारु रखने के लिए छात्र सात किलोमीटर दूर इंटर कॉलेज बैजरो में जाने को मजबूर हैं। बैठक में शामिल अभिभावकों का कहना था कि वे खंड शिक्षा अधिकारी बीरोंखाल से शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अभिभावकों ने अंग्रेजी विषय की अध्यापिका के स्थान पर किसी अन्य अध्यापक की तैनाती करने की मांग की, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बड़थ्वाल का कहना है कि तीन साल से लगातार अध्यापक का अनुपस्थित रहना गंभीर मामला है। वे इस प्रकरण की जांच करवाकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई कर नए अध्यापक की नियुक्ति करेंगे। ज्ञापन भेजने वालों में ग्राम बापता के प्रधान इंद्रपाल सिंह, जिवई की प्रधान अनीता जुयाल, बिरगणा की प्रधान प्रतिमा देवी, नानस्यूं के प्रधान रमेश नेगी, एसएमसी अध्यक्ष यशोदा देवी और पीटीए अध्यक्ष रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर आया रपटा, घंटों लगा रहा वाहनों का जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बुधवार सुबह हुई बारिश से कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरसाती रपटे पर तेज पानी आ गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर खड़े सैकड़ों वाहन घंटों पानी का होने का इंतजार करते थे। करीब दो घंटे बार राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात शुरू हो पाया।

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। हल्की बारिश होने पर ही पहाड़ों से भारी बोल्डर व मलबा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहा है। मंगलवार को भी सिद्धबली मंदिर से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर गिर गए थे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एनएच की टीम ने जेसीबी से बोल्डर को हटाकर यातयात सुचारु करवाया। वहीं, बुधवार सुबह भी बरसाती रपटे पर अचानक पानी बढ़ गया। पानी के साथ-साथ बड़े-बड़े बोल्डर भी बहकर आ रहे थे। ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था। हालांकि, दोपहिया वाहनों को काफी कुछ और अधिक इंतजार करना पड़ा।

# पेरिस ओलंपिक में प्रतिनिधित्व कर लौटी अंकिता, किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पेरिस ओलंपिक में प्रतिनिधित्व कर वापस लौटी अंकिता ध्यानी का मंगलवार देर शाम कोटद्वार में स्वागत किया गया। इस दौरान अंकिता ने अगली बार पूरी मेहनत से भारत को गोल्ड दिलवाने की बात कही। कहा कि उन्होंने अगले ओलंपिक में भारत को गोल्ड दिलवाने का लक्ष्य तय कर लिया है।

ओलंपिक में प्रतिनिधित्व कर अंकिता ध्यानी मंगलवार देर शाम कोटद्वार पहुंची। यहां खेल के क्षेत्र से जुड़े खिलाड़ियों व लोगों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत जुलूस के रूप में खुली जीप में सवार होकर अंकिता बदरीनाथ मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में पहुंची। यहां उन्होंने पेरिस ओलंपिक में अपने अनुभव को साझा किया। कहा कि इस ओलंपिक में उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। अपने अनुभव




कोटद्वार में अंकिता ध्यानी का स्वागत करते सदस्य

को जीवन में अपनाते हुए उनका लक्ष्य है कि वह अगले ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करें। अन्य वक्ताओं ने कहा कि उन्हें नाज है कि पहाड़ की एक बेटी ने पेरिस में पहुंचकर देश का प्रतिनिधित्व किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत, शिक्षिका रिद्धि भट्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, हेमंत गौड़ आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा। उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्रांकः- 3116/18ए0सी0 दिनांकः- 13/08/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दि0 29/08/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 23/08/2024 से 28/08/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 29/08/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं :-

1- अधीक्षण अभियन्ता, 12 वां वृत्त, लो0नि0वि0, पौड़ी। 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा।
3- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन। 4- अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला योजना के अन्तर्गत नाथूखाल हर्षू मण्डगांव मोटर मार्ग से राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय नाथूखाल (हर्षू) तक सी0सी0 मार्ग, पुश्ता एवं नाली निर्माण कार्य। | 30,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 2 | जिला योजना के अन्तर्गत बूंगा वीरकाटल सड़क चमेला तोक से परिपत्थर तोक तक मार्ग का सुधारीकरण कार्य। | 30,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 3 | जिला योजना के अन्तर्गत चरेख धरगांव मोटर मार्ग से पाली तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 18,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 4 | जिला योजना के अन्तर्गत ग्राम उनियाल दमराडा के सार्वजनिक सम्पर्क मार्ग का सुधारीकरण का कार्य। | 18,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 5 | जिला योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत मांगथा पीपलडांगी से राजस्व ग्राम अट्टा सी0सी0 मार्ग सुरक्षा हेतु स्टोन एवं पक्की नाली का निर्माण कार्य। | 30,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 6 | जिला योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मांगथा के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मांगथा हेतु सी0सी0 कार्य एवं सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 30,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 7 | जिला योजना के अन्तर्गत बल्ली मथाणा मोटर मार्ग से ग्राम मैतीकाटल तक अवशेष मोटर मार्ग का ग्राम तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 21,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 8 | जिला योजना के अन्तर्गत छोटा भेल्डा यात्री शेड से नदी तक सड़क चौड़ीकरण व सुधारीकरण कार्य। | 21,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 9 | जिला योजना के अन्तर्गत सिमलना बिचला से मथाणा तक सड़क निर्माण कार्य। | 21,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 10 | जिला योजना के अन्तर्गत नालीखाल से थलनदी तक मोटर मार्ग पर चौड़ीकरण व सुधारीकरण कार्य। | 21,000.00 | 1000.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |
| 11 | जिला योजना के अन्तर्गत निम्बूचौड़ मुख्य मार्ग से रणजीत सिंह रावत के घर तक 500 मी0 मोटर मार्ग का निर्माण। | 33,000.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 03 माह | मार्ग कार्य में श्रेणी डी0 एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 30/08/2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
दुगड्डा (गढ़वाल)


# बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा के न्यून परीक्षाफल में करें सुधार




आयोजित बैठक में भाग लेते सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बुधवार को पौड़ी, हरिद्वार, देहरादून की एनएसएस संचालित शिक्षण संस्थानों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें माध्यमिक अपर शिक्षा निदेशक गढ़वाल मंडल डा. एसबी जोशी ने एनएसएस संचालित शिक्षण संस्थानों को बी व सी प्रमाण पत्र परीक्षा के न्यून परीक्षाफल में सुधार के निर्देश दिए हैं।

बाल भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल मोटाढांक में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ अपर शिक्षा निदेशक डा. एसबी जोशी, बाल भारती सीनियर सेकेंड्री स्कूल मोटाढ़ाक के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत, मंडलीय कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी, जिला समन्वयक डा. एसपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। डा. एसपी सिंह ने हरिद्वार व डीआर रवि ने देहरादून जनपद की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर प्रकोष्ठ द्वारा निर्धारित मुख्य विषय पर आधारित हो। साथ ही और शीतकालीन अवकाश अवधि में ही संचालित किया जाए। एनएसएस की बी और सी प्रमाण पत्र परीक्षा के कम परीक्षाफल पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कार्यक्रम अधिकारियों को विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय में परीक्षा की तैयारी करवाने के सख्त निर्देश दिए। प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत ने कहा कि एनएसएस की ओर से समय-समय पर सफाई अभियान, रक्तदान अभियान चलाया जाता है। गढ़वाल मंडल कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। इस मौके पर धीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह चौहान, रक्षा नेगी, किरन सकलानी, सुमन चंद्र सती, करन सिंह, प्रवेन्द्र पंवार, विपुल चंदोला, शरीफ अहमद, सतीश मौर्य, रविन्द्र भारद्वाज, मुकेश भण्डारी, सरोजनी रावत आदि मौजूद रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम चन्द्र मोहन (CHANDRA MOHAN) दर्ज है। जबकि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK-1519990001621 में मेरा नाम भूलवश चन्द्रमोहन उनियाल (CHANDRA MOHAN UNIYAL) दर्ज हो गया है। अतः मेरे ड्राईविंग लाईसेंस संख्या UK-1519990001621में मेरा नाम चन्द्र मोहन (CHANDRA MOHAN) दर्ज किया जाय।

**चन्द्रमोहन पुत्र स्व. श्री आरपी उनियाल**
**ग्राम रामपुर, पोस्ट कुम्भीचौड़, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान् सीनियर सिविल जज महोदय, कोटद्वार गढ़वाल**
**दीवानी वाद संख्या 51/2024**
**किरन देवी**
**बनाम**
**आयुष कोटनाला तथा अन्य**

हरगाह वादिनी ने अपने पति संजय कुमार परिवार सहित वार्ड नं0 21 पदमपुर सुखरौ, तहसील कोटद्वार गढ़वाल की मृत्यु घोषणात्मक आज्ञप्ति चाहने बाबत् माननीय सीनियर सिविल जज कोटद्वार के न्यायालय में एक वाद योजित किया है, जिसमें आम जनता को प्रतिवादी संख्या 03 बनाया गया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त मामले में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह न्यायालय में दिनांक 02/09/2024 को हाजिर होकर अपना ऐतराज दाखिल कर सकता है।

आज दिनांक 16/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**न्यायालय सीनियर सिविल जज**
**कोटद्वार गढ़वाल**

## ।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- 1550/कर अनु0/भव0ना0/2024-25 दिनांक :- 21.08.2024

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 32/28 वार्ड 15 स्टेशन रोड | श्री जयजीत बड़थ्वाल पुत्र स्व0 श्री सन्तन बड़थ्वाल (133.50 वर्गफुट याने 12.40 वर्गमीटर) | श्री सतेन्द्र कुमार भाटिया पुत्र श्री हरंवश लाल भाटिया (133.50 वर्गफुट याने 12.40 वर्गमीटर) | रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 2 | 32/28 वार्ड 15 स्टेशन रोड | श्री जयजीत बड़थ्वाल पुत्र स्व0 श्री सन्तन बड़थ्वाल (133.50 वर्गफुट याने 12.40 वर्गमीटर) | श्री जितेन्द्र कुमार भाटिया पुत्र श्री हरंवश लाल भाटिया (133.50 वर्गफुट याने 12.40 वर्गमीटर) | रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**
**(0376/51)**


## कार्यवाही में देरी से अभिभावक में आक्रोश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : एकेश्वर ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज बग्याली में अनियमितताओं की शिकायत और शिक्षिका से अभद्रता के आरोपों की जांच में देरी होने से अभिभावक एवं क्षेत्रीय जनता में आक्रोश व्याप्त है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर जांच को टालने का आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी स्कूल में आने के बजाय उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आने की बात कह रहे है। ऐसे में निष्पक्ष जांच कैसे संभव है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होगें।

ग्राम प्रधान नाव कमलेश पसबोला ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी छुट्टी पर है तो वह प्रतिनिधि के तौर पर किसी अन्य सक्षम अधिकारी को भेज सकती थे, लेकिन जानबूझ कर जांच को टालने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं क्षेत्रीय समिति अपुणु गौ मुल्क विकास समिति के अध्यक्ष स्वरूप धस्माना ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के आश्वासन पर अभिभावकों ने बच्चों को स्कूल भेजने का निर्णय लिया है, लेकिन खुद स्कूल का दौरा करने की बजाय अभिभावकों को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बुलाना बेहद चिंताजनक है। एसएमसी अध्यक्ष सीमा धस्माना ने कहा कि जब तक प्रभारी प्रधानाचार्य और आरोपी शिक्षक को विद्यालय से नहीं हटाया जाएगा तब तक अभिभावकों में रोष जारी रहेगा। समिति के सचिव प्रवेंद्र रावत ने कहा कि अगर अभिभावकों एवं पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिला तो स्कूल में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। यह बच्चों के भविष्य का सवाल है।


## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 10.09.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 11.09.2024 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर / सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 11/ 2024-25 | ₹500/- | वि.वि. उपखण्ड प्रथम कोटद्वार के अन्तर्गत मालन नदी के पुल के समीप से गुजर रही 11 केवी लाइन को शिफ्ट किये जाने का कार्य । | 21000.00 |
| 12/ 2024-25 | ₹100/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय कोटद्वार के अन्तर्गत नाली बडी लिफ्ट सिंचाई योजना में विद्युतीकरण का कार्य । | 5000.00 |

पत्रांक: 1685/विविखको/टी-6 दिनांक: 21.08.2024 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)

## एक नजर

### भीम आर्मी ने क्रीमी लेयर के निर्णय का किया विरोध

श्रीनगर गढ़वाल : आजाद समाज पार्टी ने क्रीमी लेयर के निर्णय के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन किया। मौके पर पार्टी से जुड़े लोगों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में भीम आर्मी के जिला प्रभारी सुरेश मुयाल, भीम आर्मी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष विद्या, अमित खत्री, विशाल कुमार, मनोज कुमार, बादल, अनुज कुमार, रिंकु जाटव, संजय कुमार, रवि कुमार, दिनेश कुमार आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : एससी एसटी के आरक्षण पर आए फैसले को लेकर बुलाए गए भारत बंद के समर्थन में बुधवार को अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ ने डा. भीमराव आंबेडकर मूर्ति स्थल पर बैठक का आयोजन किया। बैठक के बाद डीएम कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर उत्तराखंड परिसंघ के प्रदेश महासचिव श्रीकांत, सुनील, शैलजा, अजय, हुकुम टम्टा, प्रमोद कुमार, धर्मलाल, पृथ्वी सिंह, अजय कुमार, धनीराम आदि मौजूद रहे।

### आउटसोर्स कर्मियों का मुद्दा सदन में उठाएगी कॉंग्रेस : कापड़ी

देहरादून। राज्य के विभिन्न विभागों में वर्षों से सेवाएं दे रहे आउटसोर्स, मानदेय आधारित कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य का मुद्दा सदन में गूंजेगा। ये वो कर्मचारी हैं जो उपनल के लिए जरिए विभिन्न विभागों में वर्षों से नौकरी कर रहे हैं लेकिन हर वक्त उन पर तलवार लटकी रहती है। गुरूवार को कांग्रेस सदन में इस प्रमुख विषय के रूप में उठाने जा रही है। उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने बताया कि नियम 58 के तहत कांग्रेस इसे लोकमहत्व के विषय में सदन में उठाएगी। कहा कि उत्तराखंड में रोजगार बहुत बड़ा विषय है। उत्तराखंड को अलग राजय बनाने के आंदोलन में यह पीड़ा भी प्रमुखता से शामिल थी। लेकिन राज्य गठन के बाद से ही नौजवान खुद को छला हुआ महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आउटसोर्स आधार पर हजारों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। उपनल के जरिए कई विभागों में 20 हजार से ज्यादा लोग अल्प मानदेय पर काम कर रहे हैं। 10 से 15 साल की सेवा करने के बाद भी उनकी नौकरी सुरक्षित नहीं है। उम्र के इस पड़ाव में आकर ये लोग कहां जाएंगे? यही हाल अतिथि शिक्षकों का भी है। डिग्री कालेज और माध्यमिक स्कूलों में अतिथि शिक्षक नियुक्त हैं। उनकी नौकरी कब खत्म हो जाए, कुछ पता नहीं होता। कापड़ी ने कहा कि सरकार से मांग की जाएगी कि प्रदेश के सभी अस्थायी कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए ठोस नीति बनाए। जिस प्रकार संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के नियमितीकरण के लिए नियमावली तैयार कर रही है। उसी प्रकार आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठोस व्यवस्था करें।

### गैरसैंण में होगा उक्रांद का वार्षिक अधिवेशन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल का वार्षिक अधिवेशन 15 और 16 सितंबर को भुवनेश्वरी महिला आश्रम गैरसैंण में होगा। बुधवार को केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने वार्षिक अधिवेशन का ऐलान करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत किए जाने को नए सिरे से रणनीति बनेगी। धरातल पर जाकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा। निकाय, पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि राज्य के मौजूदा हालात ऐसे हैं, जहां पहाड़ के लोगों की आवाज नहीं सुनी जा रही है। उनके हल हकूकों पर डाका डाला जा रहा है। उन्हें उनके घर में ही कमजोर किया जा रहा है। उनसे उनके जल, जंगल, जमीन का अधिकार छीना जा रहा है।

आम लोगों के इन अधिकारों के लिए उक्रांद आवाज बुलंद करेगा। गांव गांव जाकर लोगों में अलख जगाई जाएगी। मूल निवास 1950 और मजबूत भू कानून की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। कहा कि निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारियों को मजबूत किया जाएगा। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को रणनीति बनेगी। निकाय और पंचायत चुनाव को मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। इन चुनावों के जरिए उक्रांद को लोकतंत्र के पहले पायदान से ही मजबूत किया जाएगा। ताकि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव तक पार्टी मजबूत स्थिति में आ सके। दोनों राष्ट्रीय दलों के मजबूत विकल्प के रूप में उक्रांद तैयार होगा।

# ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में राइंकॉ हिवालीधार की वंदना ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : बुधवार को ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज थलीसैंण में आयोजित किया गया। जिसमे ब्लॉक के 35 विद्यालयों के 43 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राइका हिवालीधार की छात्रा वंदना, द्वितीय स्थान तरुण नेगी जनता इंटर कॉलेज धांधणखेत व तीसरा स्थान इशिका भंडारी राइका गंगाउ ने प्राप्त किया।



संगोष्ठी कार्यक्रम के संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी महोदय विवेक पंवार, आयोजक राआइका थलीसैंण के प्रभारी प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने हेतु प्रेरित किया गया। ब्लॉक थलीसैंण के विज्ञान समन्वयक रघुवीर सिंह रावत ने प्रतिभागियो को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। निर्णायक की भूमिका में राइका मौजखाल से धर्मेन्द्र सिंह, राउमावि ऐंठी से वरुण सती, राइका गंगाऊ से श्रीमती मीनाक्षी रहे। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष पदमेंद्र सिंह रौथाण ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली बिष्ट, श्रीमती रजनी बाला, श्रीमती विमला पाठक, विवेक पोखरियाल एवं ब्लॉक के सभी शिक्षकों ने अपनी भूमिका निभाई।

### चिन्हित आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को नौकरी में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण के विधेयक को राजभवन की मंजूरी मिलने पर राज्य आंदोलनकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए खुशी जताई। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारियों का कहना था कि कई वर्षों से चली आ रही राज्य आंदोलनकारियों की मांग के पूरा होने से राज्य आंदोलनकारियों एवं उनके आश्रितों को सरकारी नौकरी में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि राज्य स्थापना के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारियों को मुख्यमंत्री ने तोहफा दिया है। आभार जताने वालों में नयारघाटी चिन्हित आंदोलनकारी संगठन के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राणा, वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी थामेश्वर प्रसाद कुकरेती, बिशंभर दत्त बौठियाल, बलवीर सिंह नेगी, मीना रावत, होशियार सिंह बिष्ट, दीपक शर्मा, जगदीश बिष्ट शामिल रहे।

## तेगड़ में राजकीय महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने रैली निकालकर मनाया जश्न

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत तेगड़ में प्रस्तावित राजकीय महाविद्यालय के लिए शासन स्तर से 10 पद स्वीकृत हुए हैं। जिसमें प्राचार्य, सहायक आचार्य हिंदी, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, कनिष्ठ सहायक, अनुसेवक, स्वच्छक, चौकीदार के पद आउटसोर्स के माध्यम से भरे जायेंगे।

तेगड़ में राजकीय महाविद्यालय को स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार को ग्रामीणों ने तेगड़ बाजार में ढोल-दमाऊं के साथ रैली निकाल कर मिष्ठान वितरण किया। महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक विनोद कंडारी का धन्यवाद ज्ञापित किया है। वर्ष 2016 में कांग्रेस शासन काल में बडियारगढ़ क्षेत्र में महाविद्यालय की मंजूरी दी थी। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद बडियारगढ़ में महाविद्यालय की घोषणा धरातल में न उतरने पर लोगों में रोष था। ग्रामीणों की मांग पर 5 जून 2017 में बडियारगढ़ में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई। जिसके बाद 2022 में शासनादेश जारी किया गया। महाविद्यालय के लिए पदों और महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने तेगड़ बाजार में रैली निकालते हुए कहा कि बडियारगढ़/लोस्तु पट्टी के (तेगड़) में राजकीय महाविद्यालय की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिलना पूरे क्षेत्र के लिये गौरव बात है। जिला पंचायत सदस्य अमित मेवाड़ ने कहा कि विधायक विनोद कंडारी के द्वारा देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा एवं अन्य ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए हैं, जो हमेशा इतिहास के पन्नों में याद रहेंगे।

## पहाड़ के ठेकेदारों ने बड़े टेंडरों के खिलाफ खोला मोर्चा

देहरादून। लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों ने राज्य में विकास कार्यों के बड़े– बड़े टेंडर किए जाने व उन्हें बाहरी लोगों को दिए जाने का विरोध किया। बुधवार को ठेकेदारों के संगठन देव भूमि ठेकेदार कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने गैरसैंण में कैबिनेट मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष और भाजपा, कांग्रेस के विधायकों से मुलाकात कर ज्ञापन दिए और इस समस्या को विधानसभा में उठाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि इस वजह से राज्य के सथनीय युवाओं को काम नहीं मिल रहा और बेरोजगारी की समस्या पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि इस वजह से खास तौर पर पहाड़ से पलायन बढ़ रहा है। देवभूमि ठेकेदार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह पुंडीर और महामंत्री राजेंद्र सिंह कुंवर ने कहा कि राज्य सरकार लोनिवि में 10 करोड़ से बड़े टेंडर कर रही है। इस वजह से स्थानीय ठेकेदार निविदा भर ही नहीं पा रहा है। कहा कि राज्य में ठेकेदारों के हितों को देखते हुए बड़े टेंडरों की बजाय एक करोड़ और उससे छोटे टेंडर किए जाएं। कहा कि स्थानीय ठेकेदारों को काम मिलने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधरने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने विकास कार्यों के टेंडर छोटे करने के साथ ही ठेकेदारों का बकाया भुगतान करने की भी मांग उठाई। इस दौरान ठेकेदार कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सुबोध उनियाल, धन सिंह रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ ही कई विधायकों से मुलाकात की।

### कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ का बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। कांग्रेस व्यापार मंडल प्रकोष्ठ ने सोमवार को डिस्पेंसरी चौक पर बढ़ते महिला अपराधों और बिगड़ती कानून–व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने महिला अपराधों को लेकर चिंता जताई। साथ ही आईएसबीटी गैंगरेप के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग रखी और पुतला फूंका। पूर्व विधायक राजकुमार, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा और व्यापार मंडल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आईएसबीटी गैंगरेप, अंकिता भंडारी हत्याकांड के साथ ही रुद्रपुर की महिला नर्स के साथ हुई घटना को मानवता को शर्मसार करने वाली कार दिया।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने नोएडा में फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

दिल्ली : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने बुधवार को नोएडा हेल्थ यूनिट में उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के दूसरे सेटेलाइट फिजियोथेरेपी केन्द्र का उद्घाटन किया। नोएडा हेल्थ यूनिट के फिजियोथेरेपी सेंटर में अलग-अलग तरह के विकार रोगों और चोटों के प्रभावी इलाज की व्यवस्था है। यह विशेष उपचार प्रभावित शरीर के अंगों की गतिशीलता, गति और शरीर के प्रभावित हिस्सों को पहले की तरह ही गतिशील बनाने में मदद करता है। इस केन्द्र में रोगी के व्यापक उपचार के लिए नौ मशीनें लगाई गई है, जिसका प्रबंधन उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाएगा। नोएडा में इस सुविधा के उपलब्ध हो जाने पर अब यहां रहने वाले रेल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को फिजियोथेरेपी इलाज के लिए अब उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल में जाने की



आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल तक आने-जाने की असुविधा भी नहीं होगी। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक ए.के. सिंघल, उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. के. श्रीधर, उत्तर रेलवे केन्द्रीय अस्पताल की मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. रुषमा टंडन और दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह उपस्थित थे।

# क्रीमी लेयर लागू होने से आरक्षित वर्गों में विभाजन और संघर्ष की स्थिति होगी उत्पन्न

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अनुसूचित जाति/जनजाति शिक्षक एसोसिएशन, पौड़ी द्वारा एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर के लागू किए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति को उप जिलाधिकारी कोटद्वार के माध्यम से ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में इस निर्णय को संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत निर्धारित एससी/एसटी वर्ग की सूची और उनके अधिकारों के विपरीत बताया गया। महामंत्री जगदीश राठी ने कहा कि क्रीमी लेयर लागू करने से आरक्षित वर्गों में विभाजन और संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे हजारों रिक्त पदों की भरपाई में और अधिक कठिनाई होगी। उन्होंने इस निर्णय को एससी/एसटी वर्ग के प्रतिनिधित्व और उनकी शिक्षा से जुड़ी



समस्याओं को और बढ़ाने वाला बताया। ज्ञापन में मांग की गई कि इस आदेश पर संसद में पुनर्विचार कर पूर्व की व्यवस्था बहाल की जाए और कमजोर वर्गों को शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के माध्यम से सशक्त किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय संरक्षक सोहन लाल, भारत भूषण शाह, जिला संरक्षक शिवचरण, सतीश कुमार, आनंद सिंह, इंद्रपाल, जितेन्द्र जंग, सतीश खिरसवाल, अनिल आर्य, सूरज कुमार, योगेंद्र सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग

**जयन्त प्रतिनधि।**

पौड़ी : शहर से सटे बिचली रांई गांव में पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में शिकायत करने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल संस्थान के अफसरों को ज्ञापन देकर जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। कहा कि जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को बिचली रांई के मनमोहन सिंह ने जल संस्थान कार्यालय में पेयजल आपूर्ति सुचारु करने को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वार्ड न.11 के बिचली रांई में बीते लंबे समय से पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। कहा कि इससे पूर्व भी संबंधित विभाग को समस्या से अवगत करवाया गया लेकिन विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## जल संस्थान ठेका कर्मचारियों के उत्पीड़न पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ संगठन के आंदोलन को कांग्रेस ने भी अपना समर्थन दिया। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नेहरू कालोनी स्थित जल भवन में धरना स्थल पर पहुंच कर ठेका, आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करने के साथ ही समान काम का समान वेतन देने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। ठेका कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देते हुए गणेश गोदियाल ने कहा कि राज्य में ठेका कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। मौजूदा समय में सभी सरकारी विभागों का पूरा भार ठेका और आउटसोर्स कर्मचारियों ने ही उठा रखा है। जल संस्थान में पूरा सप्लाई सिस्टम यही ठेका कर्मचारी संभाले हुए हैं। दूर दराज के गांवों तक पानी चालू करना हो या लाइनों की मरम्मत, फॉल्ट को दूर करने की जिम्मेदारी इन्हीं की है। बेहद कम वेतन पर इनसे पूरा काम लिया जा रहा है। न इन्हें वाहन भत्ता मिलता है, न ही पर्याप्त वेतन। जो वेतन ठेका कर्मचारियों के लिए विभाग ने तय भी किया है, वो भी ठेकेदार पूरी तरह भुगतान नहीं करते। तीन से छह महीने के अंतराल पर भुगतान किया जाता है, उसमें भी कटौती की जाती है। ईएसआई, ईपीएफ में भी ठेकेदारों की ओर से गड़बड़ी की जाती है। विभाग इन गड़बड़ियों पर पूरी तरह आंखे मूंदे है।कहा कि यदि जल संस्थान मैनेजमेंट की ओर से इन खामियों को ठीक न किया गया, तो कांग्रेस विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलेगी। तत्काल कर्मचारियों को नियमित किया जाए। इसके साथ ही समान काम का समान वेतन भी दिया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय कुमार, महामंत्री मंगलेश लखेड़ा, गणेश नाथ गोस्वामी, चन्द्रमोहन खत्री, रुपेश नेगी, सुरेश भट्ट, प्रवीण डोभाल, गोविन्द आर्य, आशीष द्विवेदी, सूर्य प्रकाश राणाकोटी आदि मौजूद रहे।

## आरक्षण बचाने के लिए शहर में निकाली आक्रोश रैली

देहरादून। आरक्षण बचाओ संयुक्त मोर्चा ने एससी–एसटी आरक्षण को यथावत रखने की मांग को लेकर बुधवार को आक्रोश रैली निकाली। मोर्चा से जुड़े लोगों ने इस दौरान तहसील चौक पर कुछ देर के लिए धरना भी दिया। डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरक्षण को यथावत रखने की मांग की है। संयुक्त मोर्चा से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोग परेड ग्राउंड में एकत्र हुए। यहां से आक्रोश रैली शुरू की, जो एस्लेहॉल चौक, घंटाघर, दर्शनलाल चौक से तहसील चौक पर पहुंचे। यहां रैली में शामिल कुछ लोग बीच सड़क में धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद आगे बढ़े और द्रोण होटल चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एससी–एसटी के लिए नौकरी और शैक्षिणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए निर्धारित आरक्षण के अंदर भी आरक्षण लागू किए जाने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया है, संयुक्त मोर्चा इस निर्णय से सहमत नहीं है। कहा कि सरकार को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर ससंद में पुनर्विचार कर विधेयक पास करना चाहिए,

### जुलूस–प्रदर्शनों से जाम की हुई शहर की सड़कें

देहरादून। दून में लोगों को जाम से राहत नही मिल पा रही है। बुधवार को शहर में बांग्लादेश और एसटी–एसटी आरक्षण के मुद्दे पर विभिन्न संगठनों ने आक्रोश रैलियां निकली। रैलियों के कारण सड़कें जाम हो गई। जिस कारण लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ी। रैली गांधी पार्क और परेड ग्राउंड से शुरू हुईं, जो मुख्य शहर से होते हुए कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। कुछ रैलियां सुबह दस बजे से ही निकलनी शुरू हो गई थी। दोपहर तक सड़कें पैक हो गई थीं। एससी–एसटी महासंघ की रैली परेड ग्राउंड से शुरू हुई। जो एस्लेहॉल चौक, घंटाघर, दर्शनलाल चौक होते हुए तहसील चौक पहुंची, यहां कुछ देर के लिए रैली में शामिल लोगों ने सड़क पर ही धरना दिया, जिससे ट्रैफिक थम गया। इधर, यूकेड़ी और व्यापारियों के जुलूस प्रदर्शनों के चलते भी घंटाघर, दर्शनलाल चौक, चकराता रोड, राजपुर रोड, ईसी रोड, गांधी रोड, तहसील चौक, सहारनपुर चौक में लंबा जाम लगा।

## प्रशिक्षणार्थियों ने होममेड अगरबत्ती बनाने के सीखें गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण में 25 प्रशिक्षणार्थियों को होममेड अगरबत्ती मेंकिग का प्रशिक्षण दिया गया। जवाड़ी गांव में आयोजित प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रभारी खंड विकास अधिकारी जखोली सुरेश शाह द्वारा समूह की महिलाओं को लोकल उत्पाद बनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए।

आरसेटी के निदेशक किशन सिंह रावत ने कहा कि बेरोजगार युवक एवं युवतियों को आरसेटी द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान



किये जा रहे है और प्रशिक्षण लेने वाली प्रशिक्षु को अपना रोजगार स्थापित करने का यह सुनहरा मंच है। जिससे सभी अपना और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते है। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल मार्केटिंग, लेखांकन व बैकिंग से संबंधी विभिन्न जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पिरुल की राखियां, गोबर के दीये, गोबर की धूप, हवन सामग्री की बाजार में मांग के बारे में समझाया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं अपना लघु उद्यम स्थापित कर अपना भविष्य संवार सकती हैं। लीड बैंक मैनेजर चत्तर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण भविष्य में रोजगारपरक एवं पलायन रोकने में मील का पत्थर साबित होंगे। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर पवित्रा सैनी, संस्थान के प्रशिक्षक भूपेन्द्र रावत, किशन सिंह रावत, सुरेश शाह, भूपेन्द्र सिंह, प्रवीन सिंह, संगीता देवी, सविता देवी, अंजू देवी, गुड्डी देवी, भागरथी देवी, अंजली, संतोषी देवी, सपना, मोनिका देवी, बिंदु देवी, नर्मदा देवी आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया तीन दिवसीय नन्दा देवी लोकजात मेले का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को चमोली स्थित कुरुड़ पहुंचकर तीन दिवसीय नन्दा देवी लोकजात मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मां नंदा के दर्शन कर पूजा अर्चना की एवं प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणा भी की। मुख्यमंत्री घोषणा में नंदानगर, नारायणबगड़ और देवाल में खेल मैदान निर्माण, प्राणमती नदी के दोनों तटों पर सुरक्षा कार्य, थराली के ढाडरबगड़ में बाढ़ सुरक्षा कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नंदा देवी लोकजात मेले को राजकीय मेला घोषित करने, नंदानगर चिकित्सालय को उप जिला चिकित्सालय में उच्चीकृत करने की घोषणा भी की।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक मेले हमें हमारी संस्कृति के साथ अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के पौराणिक मेलों को संरक्षण करते हुए नए आयामों को जोड़कर भव्यता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए विकास कर रही है।

### गुलदार के हमलों को लेकर नागरिक प्रतिरोध कर मांग पत्र जारी करेंगे

देहरादून। गुलदार के हमलों को लेकर आज हरेगा गांव, धाद और फील गुड ट्रस्ट आज देहरादून में नागरिक प्रतिरोध करेगा। गुरुवार शाम छह बजे घंटाघर स्थित इंद्रमणि चौक पर लोग एकत्रित होंगे और मांग पत्र जारी करेंगे। मांग पत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन मुहिम भी चलाई जा रही है। जिसमें लोगों से मांगपत्र साझा किया जा रहा है। धाद से जुड़े तनम्य ममगाईं ने बताया कि रक्षाबंधन पर पौड़ी गढ़वाल के रिखणीखाल में गुलादार के हमले के एक बच्चे की मौत हुई है। ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। गांव को बचाने और गुलदार के हमलों को रोकने के लिए उचित कदम उठाने के लिए नागरिक प्रतिरोध के रूप में हरेला गांव–धाद और फील गुड ट्रस्ट की टीम लोगों को साथ लेकर इस मुहिम को आगे बढ़ा रही है।

## महिला हिंसा के विरोध में यूकेडी ने किया प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को महिलाओं के प्रति बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में होटल द्रोणचौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। केंद्रीय मीडिया प्रभारी एडवोकेट किरन रावत कश्यप ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में दिनों दिन महिलाओं के साथ बलात्कार और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या का मामला राजनीतिक रूप ले चुका है। एक महिला के साथ इतनी दरिंदगी होने के बाद भी बंगाल में सियासी राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में अंकिता हत्याकांड के मामले में अब तक न्याय नहीं मिल पाया। महानगर कार्यकारी अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा अभी हाल ही में रूद्रपुर में भी एक महिला नर्स के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। अब आईएसबीटी में रोडवेज बस में गैंगरेप का मामला सामने आया है। केंद्रीय उपाध्यक्ष रेखा मियां ने कहा सरकार भी इस तरफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। युवा अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में सियासी राजनीति से उपर उठकर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान संरक्षक आनंद प्रकाश जुयाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रताप कुंवर सिंह, केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवान,विकास भट्ट, भोला प्रसाद चमोली, श्याम सिंह रमोला, गजेंद्र नेगी, सुमित डंगवाल, अशोक नेगी, नीलम नेगी, रीना आदि मौजूद थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com